**2022-23**

**मॉडल टेस्ट पेपर**

**कक्षा -12वीं**

**विषय-हिंदी (ऐच्छिक)**

**विलक्षण प्रतिभा वाले विद्यार्थियों हेतु (DA)**

**भाग-क**

**प्रश्न-1 (I) निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों में सही उत्तर छाँटकर लिखिए :** $8 \times 2 = 16$

(i) 'वर-याचना' में गुरु गोबिंद जी किस वर की याचना करते हैं?

(क) भयभीत होने की (ख) शुभ कर्मों से पीछे न हटने की

(ग) शिक्षा की (घ) काव्य रचना की

(ii) 'सखि वे मुझसे कहकर जाते' के आधार पर नारियाँ युद्ध क्षेत्र में अपने पति को किस प्रकार भेजती है?

(क) आँसू बहाकर (ख) दु:खी होकर

(ग) तरस खाकर (घ) अस्त्र-शस्त्र से सुसज्जित करके

(iii) 'सच्ची वीरता' निबंध के आधार पर बताएँ कि रामायण किसकी रचना है?

(क) गुरु नानक (ख) मीराबाई (ग) वाल्मीकि (घ) कुंभकर्ण

(iv) 'तत्सत' कहानी में पशु और-पेड़-पौधे किससे डर गये थे?

(क) विशालकाय हाथी (ख) खूंखार जानवर

(ग) आदमखोर जीव (घ) वन प्रदेश

(v) राय साहब ने बर्मा में कितने वर्ष नौकरी की? 'वापसी' एकांकी के आधार पर बताएँ।

(क) 2 वर्ष (ख) 35 वर्ष (ग) 5 वर्ष (घ) 4 वर्ष

(vi) 'सिरदर्द' का सही समास विग्रह है:-

(क) सिर पर दर्द (ख) सिर का दर्द

(ग) सिर से दर्द (घ) सिर में दर्द

(vii) 'धर्मशाला' का सही समास विग्रह कौन सा है?

(क) धर्म में शाला (ख) धर्म से शाला

(ग) धर्म को शाला (घ) धर्म के लिए शाला

(viii) अकबर के बाद कौन राजा बना?

(क) हुमायूँ (ख) बाबर (ग) औरंगज़ेब (घ) जहाँगीर

**(II) निम्नलिखित 'क' और 'ख' का सही मिलान कीजिए :** $5 \times 2 = 10$

| 'क' | 'ख' |
| --- | --- |
| (i) 'सच्ची वीरता' निबंध के अनुसार जापान का एक ग्रामीण | (i) गोपालप्रसाद |
| (ii) 'उपेक्षिता' कहानी में ''आपकी तो बेटी ही बड़ी स्वीट है'' यह वाक्य किसने कहा ? | (ii) ओशियो |
| (iii) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में लड़के के पिता का नाम | (iii) मिसेज गुप्ता |
| (iv) 'शिवराज भूषण' के रचयिता | (iv) केशवचंद्र सेन |
| (v) 'प्रार्थना समाज' के संस्थापक | (v) भूषण |

**(III) निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :** 5×2=10

(i) सूरदास के 'वात्सल्य भाव' में श्रीकृष्ण ........................................की शिकायत करते हैं।

(ii) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी की प्रमुख पात्र ............................................. है।

(iii) ......................................... छंद के प्रत्येक चरण में 31 वर्ण होते हैं।

(iv) जहाँ एक शब्द एक बार प्रयुक्त हो, परंतु दो या दो से अधिक अर्थों का बोध करवाए, वहाँ......... .................. अलंकार होता है।

(v) 'याचना' कविता .......................................की रचना है।

**(IV) निम्नलिखित में सही कथन पर सही (√ ) और गलत कथन पर गलत (×) का निशान लगाएं :** 5×2=10

(i) 'ऋण से मुक्त' का समास होगा – ऋणमुक्त ( )

(ii) Journalist का हिंदी में पर्याय ' पत्रकार ' होता है। ( )

(iii) Labour का हिंदी में पर्याय 'कम ' होता है। ( )

(iv) 'जो पुल बनाएंगे' अज्ञेय की रचना है। ( )

(v) मेरा भाई <u>दसवीं</u> कक्षा में पढ़ता है। वाक्य में रेखांकित पद 'दसवीं' का पद परिचय इस प्रकार है–
दसवीं– स्त्रीलिंग, एकवचन, क्रमसूचक, संख्यावाचक विशेषण ( )

## <u>भाग–ख</u>

**प्रश्न -2 (i) निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दें -** 3

(क) 'अकाल उस्तति' में गुरु गोबिंद सिंह जी ने ईश्वर के स्वरूप का वर्णन कैसे किया है?

(ख) 'यातायात' कविता में स्वच्छन्द विचारधारा को फ़लने-फ़ूलने का मौका देने की बात की गई है। इसे स्पष्ट करें।

**(ii) निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दें -** 3

(क) शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ रहे शॉर्टकट का वर्णन अपने शब्दों में करें। 'शॉर्टकट सब ओर' निबंध के आधार पर लिखें।

(ख) ' जलियांवाला बाग में सभा का आयोजन किस उद्देश्य से किया गया था ? 'अगर ये बोल पाते : जलियांवाला बाग' निबंध के आधार पर लिखें।

**(iii) निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दें-** 3

(क) ' शिकारी जब पुन: वन में आए तो पशु और वनस्पतियाँ क्यों भड़क उठीं ? 'तत्सत' कहानी के आधार पर स्पष्ट करें।

(ख) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में किस सामाजिक समस्या का वर्णन हुआ है?

**(iv) निम्नलिखित में से किसी एक पंजाबी गद्यांश का हिन्दी में अनुवाद करें-** 3

**ਇਹ ਸਾਡਾ ਰਾਸ਼ਟਰੀ ਝੰਡਾ ਹੈ। ਮੰਤਰੀ ਜੀ ਝੰਡੇ ਨੂੰ ਸਲਾਮੀ ਦੇ ਰਹੇ ਹਨ। ਲੋਕ ਰਾਸ਼ਟਰੀ ਗੀਤ ਗਾ ਰਹੇ ਹਨ। ਇਸ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਮੰਤਰੀ ਜੀ ਨੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਸੰਬੋਧਿਤ ਕੀਤਾ।**

**अथवा**

**ਪੰਜਾਬ ਵਿੱਚ ਗੁਰੂ ਨਾਨਕ ਬਾਣੀ ਦੇ ਤਿੰਨ ਉੱਚੇ ਆਦਰਸ਼, ਨਾਮ ਜਪੋ, ਕਿਰਤ ਕਰੋ, ਅਤੇ ਵੰਡ ਕੇ ਛਕੋ, ਪੰਜਾਬੀ ਰਹਿਣ-ਸਹਿਣ ਵਿੱਚ ਡੂੰਘੀਆਂ ਜੜ੍ਹਾਂ ਫੜ ਗਏ।**

## भाग-ग

**प्रश्न -3 (i) निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दें- 4**

(क) आप कोठी नंबर 1356, सेक्टर 20, नंगल में रहते हैं। आपका मोबाइल नंबर- 9699567890 है। आपको अपने बाग बगीचे के काम के लिए एक कुशल माली की आवश्यकता है। माली की आवश्यकता के विज्ञापन का प्रारूप तैयार करें।

(ख) सरकारी सीनियर सेकंडरी स्कूल, किशनपुरा के प्रिंसिपल की ओर से सूचनापट्ट के लिए एक सूचना तैयार करें,जिसमें प्रिंसिपल की ओर से सभी अध्यापकों व छात्रों को 26 जनवरी, 2023 को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में सुबह 8 बजे स्कूल आना अनिवार्य रूप से कहा गया हो।

**(ii) निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दें- 4**

(क) ' दोहा' छंद का लक्षण एवं उदाहरण लिखिए।

(ख) 'कवित्त' छंद का लक्षण एवं उदाहरण लिखिए।

**(iii) निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दें- 4**

(क) ' उपमा ' अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए।

(ख) ' श्लेष ' अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए।

**(iv)** निम्नलिखित संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 130-140 शब्दों में कोई एक निबंध लिखें- 5

बेरोज़गारी की समस्या

संकेत बिन्दु: (क) बेरोज़गारी एक महत्वपूर्ण समस्या है। (ख) जनसंख्या वृद्धि, शिक्षा नीति, प्रभावशाली सरकारी योजनाओं का अभाव आदि बेरोज़गारी के कारण हैं। (ग) समाधान हेतु प्रौद्योगिकी विकास, शिक्षा, रोज़गार दिलाने वाली, उचित आर्थिक नीति का निर्माण।

**अथवा**

समाचार पत्रों का महत्व

संकेत बिन्दु: (क) समाचार पत्र हमारे दैनिक जीवन के अभिन्न अंग हैं। (ख) सामाजिक समस्याओं का उद्घाटन (ग) साहित्य एवं साहित्यकारों की जानकारी की प्राप्ति। (घ) विविध संस्करण जैसे खेल, बाल आदि। (ड) इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा क्रान्ति आयी।

**प्रश्न-4 सुंदर लिखाई** 5